भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2535
उत्तर देने की तारीख 19 दिसंबर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

युवाओं की क्षमता का उपयोग

2535. श्री धर्मवीर सिंह:
श्रीमती रंजनबेन भट्टः
श्री मितेष पटेल (बकाभाई):
श्रीमती शारदा अनिल पटेल:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी हमारे देश में है; और

(ख) यदि हां, तो राष्ट्र के विकास में इस क्षमता का उपयोग करने के लिए कौन-सी रणनीतियां कार्यान्वित की गई हैं?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) जी हां । सामाजिक सांख्यिकी प्रभाग, राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "यूथ इन इंडिया 2022" रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व का सबसे अधिक युवा आबादी वाला देश है ।

(ख) इस क्षमता का दोहन करने और युवाओं की सृजनात्मक तथा रचनात्मक ऊर्जा का इष्टतम उपयोग करने के लिए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का युवा कार्यक्रम विभाग व्यक्तित्व-निर्माण तथा राष्ट्र-निर्माण अर्थात युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना और उन्हें अपने फील्ड संगठनों तथा विभिन्न स्कीमों के माध्यम से विभिन्न राष्ट्र-निर्माण कार्यकलापों में शामिल करने के युग्मित उद्देश्यों का अनुसरण करता है । उदाहरण के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से छात्र युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करने के कार्य में लगा हुआ है । एनएसएस का उद्देश्य 'सेवा के माध्यम से शिक्षा' है ।

इसी प्रकार, नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) अपने विभिन्न कार्यक्रमों और उपायों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं तक उनके सशक्तिकरण और नागरिक कार्यों में भागीदारी के लिए कार्य कर रहा है । 52.11 लाख की युवा सदस्यता सहित 3.04 लाख गांव आधारित युवा क्लबों का मौजूदा नेटवर्क युवाओं के बीच इसकी बढ़ती पहुंच को दर्शाता है ।

हाल ही में, अमृत काल के दौरान युवा कार्यक्रम विभाग के तहत एक व्यापक सक्षम तंत्र-मेरा युवा भारत (माई भारत) नामक एक स्वायत्त निकाय की भी स्थापना की गई है जो 'कर्तव्य बोध' और 'सेवा भाव' के माध्यम से युवा विकास और युवा नेतृत्व विकास के लिए प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है । इस तंत्र के माध्यम से युवाओं को उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने और 2047 तक अमृत भारत के निर्माण के लिए अवसरों तक समान पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी ।

****